<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 03.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- भारत–अमरीका के ऐतिहासिक व्यापार समझौते को लेकर संसद भवन में आज हुई विशेष बैठक, एनडीए संसदीय दल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी बधाई।
- नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में, अबतक 1 हजार 3 सौ 49 प्रत्याशी कर चुके हैं नामांकन, मतदान कर्मियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण।
- उद्योग विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य में स्थापित लगभग 6 लाख 33 हजार औद्योगिक इकाईयों को 30 जून तक निबंधन कराने का दिया निर्देश।
- स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में रिम्स, रांची के शासी परिषद की 64 वीं बैठक आज, छह नए सुपर स्पेशियलिटी विभागों को शुरू करने समेत 19 एजेंडों पर होगी चर्चा।
- राज्यभर में आज पूरी अकीदत के साथ मनाया जाएगा शब–ए–बारात का त्योहार, धार्मिक स्थलों तथा संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के किए गए हैं कड़े इंतजाम।

*******************

एनडीए सांसदों ने आज संसद भवन परिसर में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान भारत–अमरीका के ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अमरीका के साथ व्यापार समझौता ऐतिहासिक है और यह भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के ठीक एक सप्ताह बाद हुआ है।

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को साझा समृद्धि और वैश्विक विश्वास का नया अध्याय बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत–अमेरिका संबंधों में विश्वास, सहयोग और मेक इन इंडिया के प्रति अंतरराष्ट्रीय भरोसे को और मजबूत करता है।

*******************

राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए अबतक एक हजार तीन सौ उनचास प्रत्य़ाशी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। इनमें नगर निगम, नगर पर्षद औऱ नगर पंचायतों में महापौर औऱ अध्यक्ष पद के लिए एक सौ उनतीस प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है, जबकि वार्ड पार्षद के लिए भी लगभग एक हजार दो सौ से ज्यादा प्रत्याशिय़ों ने नामांकन किया है। आज बड़ी संख्या में प्रत्याशियों द्वारा पर्चा दाखिल किए जाने की संभावना है। नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन है।

इधर, निकाय चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देने का कार्य शुरु हो चुका है। रांची जिले में कुल एक हजार आठ सौ कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना है, लेकिन पहले ही दिन 430 मतदान कर्मी बिना किसी सूचना के प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे।

*******************

धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के रेल बजट से झारखंड राज्य में रेल अवसंरचना को नई गति मिलेगी। इससे यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक सेवाएं मिलने के साथ रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने धर्मांतरण के मुद्दे पर हेमन्त सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन इसके खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

*******************

उद्योग विभाग ने राज्य में स्थापित सभी औद्योगिक इकाईयों के निबंधन को अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने 30 जून तक अपने औद्योगिक प्रतिष्ठान का निबंधन करना होगा। झारखंड हाईकोर्ट के दिए आदेश के बाद यह कदम उठाय़ा जा रहा है। उद्योग विभाग ने बताया कि राज्य. में लगभग छह लाख 33 हजार कंपनियां कार्यरत हैं।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की अध्यक्षता में रिम्स शासी परिषद की 64 वीं बैठक आज होगी। इस बैठक में छह नए सुपर स्पेशियलिटी विभागों को शुरू करने, नर्सों और पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्ति नियमावली और चिकित्सीय उपकरणों की खरीद समेत 19 एजेंडों पर चर्चा होगी। हालांकि, आचार संहिता लागू होने की वजह से बैठक में में लिए गए निर्णयों को नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम मंजूरी दी जाएगी।

*******************

धनबाद जिला प्रशासन द्वारा आज से शुरु हुए मैट्रिक बोर्ड और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 190 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सुरक्षा समेत सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

*******************

ऐतिहासिक भारत– अमरीका व्यापार समझौते की घोषणा के बाद आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तीन प्रतिशत की तेजी देखी गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स दो हजार 415 अंक बढ़कर 84 हजार 78 और निफ्टी सात सौ 34 अंक की बढोतरी के साथ 25 हजार आठ सौ 20 पर पहुंच गया।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 80 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

रिम्स, रांची में इलाजरत एक बाल कैदी के फरार हो जाने का मामला सामने आया है. बाल सुधार गृह प्रशासन द्वारा उसे दो दिन पहले ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया था।

*******************

राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित कडरू, में एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने खुदकुशी करने की कोशिश की। इस घटना में परिवार के इकलौते बेटे की मौत हो गई है, जबकि मां और बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। अरगोड़ा थाना प्रभारी ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

*******************

आज झारखंड समेत पूरे देश में पूरी अकीदत के साथ शब–ए–बारात मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की जाएगी। इधर, रांची समेत राज्यभर में इस पर्व के दौरान सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं संवेदनशील इलाकों और धार्मिक स्थलों के आसपास अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं।

*******समाप्त***********